# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


**वाराणसी विकास प्राधिकरण से सम्बन्धित दिनांक 18.11.2024 को वाराणसी शहर में प्रकाशित न्यूज पेपर ",अमर उजाला, दैनिक जागरण,"समाचार पत्र कटिंग का विवरण।**

## उमर उजाला–दि0 18.11.2024

### परिवार के दो प्लॉटों के लिए एक नक्शा पास करेगा वीडीए

**वाराणसी।** वीडीए अब परिवार के दो लोगों का प्लॉट मिलाकर एक नक्शा पास कर देगा। पहले नियमों का हवाला देकर वीडीए एक नक्शा पास नहीं करता था। मजबूरन लोगों को दो आवेदन कर नक्शा पास कराना पड़ता था।

परिवार में अक्सर दो लोग अगल-बगल में प्लॉट खरीदते हैं। उनकी इच्छा होती है कि दोनों प्लॉटों को मिलाकर एक मकान का निर्माण कराया जाए। लेकिन वीडीए नियमों की अड़चन के कारण दो प्लॉटों के लिए एक नक्शा पास नहीं करता था। ऐसे में लोगों को दो नक्शे का आवेदन करना पड़ता था। इससे ज्यादा पैसे लग जाते थे। वीडीए सचिव डॉ. वेद प्रकाश मिश्रा ने बताया कि वीडीए ने आमेलन नीति बनाई है। इसके तहत आसपास सटे परिवार के दो प्लॉटों को मिलाकर यदि कोई आवेदन करता है तो उनका नक्शा पास किया जाएगा। पहले ऐसा नहीं था। इसका फायदा उन लोगों को मिलेगा जो दो प्लॉटों के लिए दो अलग-अलग आवेदन करते थे और दो नक्शा पास कराते थे। ब्यूरो

**वीडीए ने नियम में किया बदलाव, पहले दो आवेदन करने पड़ते थे**

## दैनिक जागरण–दि0 18.11.2024

### पिंडरा में 32 बिस्वा जमीन अवैध कब्जे से मुक्त

#### बाबतपुर-जमालापुर मार्ग पर बरहीकला में करोड़ों की भूमि ग्रामसभा को सौंपी गई

- तहसीलदार व डीजीसी राजस्व की रिपोर्ट के आधार पर एसडीएम ने दिया आदेश, जमीन का बाजार मूल्य 9 करोड़ से अधिक

जागरण संवाददाता, वाराणसी : तहसील पिंडरा की कोई ग्राम सभा नहीं है जहां 100-200 एकड़ भूमि भीटा, बंजर, तालाब के नाम दर्ज न हो। ऐसी बहुत सी जमीनों पर लोग कब्जा कर दस्तावेजों में नाम दर्ज करा लिए हैं।

ग्राम बरहीकला की ऐसी ही 32 बिस्वा (1.05 एकड़) भूमि को एसडीएम पिंडरा प्रतिभा मिश्रा ने पुनः ग्राम सभा के नाम दर्ज कर दिया। बाबतपुर-जमालापुर मार्ग पर स्थित उक्त जमीन का बाजार मूल्य नौ करोड़ से अधिक बताया जा रहा है।

ग्रामीणों ने 2021 में एसडीएम से शिकायत किया था कि बरहीकला के आराजी नंबर 580 (नया नंबर 602) भीटा की जमीन है। इस पर कुछ लोगों ने कब्जा कर निर्माण कर लिया है। इस संबंध में तहसीलदार पिंडरा ने जांच रिपोर्ट में कहा कि आराजी नंबर 602 रकबा 1.05 एकड़ फसली वर्ष 1356 में भीटा अंकित है। 1356 व 1359 फसली में सात बंटा जात कायम कर दिया गया। बाद में चकबंदी प्रक्रिया प्रारंभ हुई तो उसमें भी भीटा पाया गया।

वर्तमान अभिलेखों में 178 हेक्टेयर पर विरेंद्र कुमार, सुरेंद्र कुमार, मनोज कुमार व अशोक कुमार, समराजी, लालती देवी, उमराई, महेंद्र, सुरेंद्र, नागेंद्र व संतोष कुमार आदि का नाम अंकित कर दिया गया। जो त्रुटिपूर्ण व कपटपूर्ण है। इसे निरस्त कर ग्रामसभा में निहित किया जाना न्याय संगत है।

आरोपित कब्जाधारियों ने अपने जवाब में कहा कि शिकायतकर्ता को इस प्रकरण में शिकायत का अधिकार नहीं है। साथ ही विवादित भूमि पहले से कई लोगों के नाम से दर्ज है। इतना ही 1291 फसली के उर्दू के दस्तावेज का हिंदी तर्जुमा भी गलत है।

दोनों पक्षों को सुनने के बाद एसडीएम ने तहसीलदार व जिला शासकीय अधिवक्ता (डीजीसी) राजस्व की रिपोर्ट पर भूमि को ग्रामसभा के भीटा खाते में दर्ज करने और फाइल दाखिल दफ्तर करने का आदेश दिया। इस आदेश का पालन कराने में प्रशासन जुटा है।



> तहसीलदार पिंडरा की आख्या के क्रम में विवादित आराजी 602 को नियमानुसार ग्रामसभा के खाते में अंकित करने में कोई विधिक व्यवधान नहीं है। साथ ही तहसीलदार पिंडरा की आख्या से स्पष्ट है कि अंकित व्यक्तियों का नाम कपटपूर्वक दर्ज है। राजस्व संहिता की धारा 77 के अनुसार भीटा की आराजी नंबर 602 सार्वजनिक व लोकहित की भूमि है। इसका किसी भी व्यक्ति को किसी भी प्रकार सिरदारी या भूमिधरी अधिकार नहीं दिया जा सकता।
>
> -अशोक कुमार वर्मा, जिला शासकीय अधिवक्ता राजस्व।

# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


## दैनिक जागरण–दि0 18.11.2024

### विकास प्रधिकरण ने छह लाख वर्ग फीट में ब्लिस इंपोरियो माल का पास किया नक्शा

# लु–लु माल की तरह रिंग रोड पर बनेगा पूर्वांचल का पहला माल

जेपी पांडेय • जागरण

वाराणसी: हम लखनऊ जाते हैं तो लु-लु माल में सामान खरीदें या न खरीदें लेकिन इसे देखने की चाह जरूर रहती है। बनारस में लु-लु माल तो नहीं बन रहा लेकिन उसी के तर्ज पर रिंग रोड किनारे चांदमारी ऐढ़े में छह लाख वर्ग फीट में ब्लिस इंपोरियो माल (द माल आफ बनारस) बनने जा रहा है। वाराणसी विकास प्राधिकरण ने मानचित्र स्वीकृत कर दिया है। विकासकर्ता विन्सम डेवलपर प्राइवेट लि. को एक सप्ताह में विकास शुल्क जमा करने को कहा है। यह पूर्वांचल का सबसे बड़ा माल होगा, इससे रिंग रोड पर विकास होने के साथ स्थानीय लोगों को रोजगार भी मिलेगा। गंजारी में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम और शंकरा नेत्रालय के बाद तीसरा बड़ा तोहफा होगा।

शहर में जेएचवी, आइपी, विजया और पीडीआर माल बना है। इनमें जेएचवी को छोड़ दिया जाए तो तीनों माल के बाहर जाम की स्थिति बनी रहती है। अक्सर ट्रैफिक और स्थानीय पुलिस को जाम छुड़ाने में पसीने छूटते हैं। इसको लेकर ट्रैफिक पुलिस सवाल भी उठा चुकी है। इन तीनों स्थानों पर बने वाहन पार्किंग पर्याप्त नहीं है। जेएचवी माल के पास पर्याप्त वाहन पार्किंग है फिर भी बाहर जाम की स्थिति बनी रहती है। अफसरों के वाहन अक्सर जाम की चपेट में रहते हैं, ऐसे में अलग से पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। वहीं रिंग रोड के किनारे बन रहा माल शहरवासियों के लिए राहत भरा होगा। ग्राहक वाहनों को पार्किंग में खड़ा कर सकेंगे। यहां एक हजार चार पहिया वाहनों की पार्किंग होगी, अन्य वाहनों के लिए अलग से पार्किंग है।

- रिंग रोड पर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम, शंकरा नेत्रालय के बाद तीसरा बड़ा आकर्षण
- बनारस का होगा पांचवां माल, ग्राहकों को जाम का नहीं करना पड़ेगा सामना
- स्थानीय लोगों को मिलेगा रोजगार, एक हजार चार पहिया वाहनों की पार्किंग की व्यवस्था

• नाम- ब्लिस इंपोरियो (द माल आफ बनारस) • विकासकर्ता- विन्सम डेवलपर प्राइवेट लिमिटेड • स्थान-रिंग रोड फेज एक, चांदमारी बड़ा लालपुर • निर्माण क्षेत्र-600000 वर्ग फीट •पार्किंग-एक हजार चार पहिया वाहन।

### चार स्क्रीन सिनेमा के साथ हाईटेक साउंड सिस्टम

मल में चार स्क्रीन सिनेमा के साथ हाईटेक साउंड सिस्टम, आरामदायक और आधुनिक एक हजार लोगों के बैठने के लिए सीटिंग व्यवस्था होगी। इसके अलावा वर्ल्ड क्लास फूड कोर्ट होगा। गेम जोन में अत्याधुनिक टेक्नोलाजी की मशीनें लगाई जाएंगी जिससे आने वाले लोगों को लाभ मिल सके। शो रूम में ब्रांडेड कपड़े, जूते, कास्मेटिक, ग्रासरी और डेकोर की पांच दुकानें होगी। वातानुकूलित माल में ग्राहकों की सुविधा का विशेष ध्यान रखा गया है।



“ माल में भारी संख्या में लोग पहुंचते है। रिंग रोड पर बनने वाला माल पूर्वांचल के लोगों के लिए फायदेमंद होगा। मार्केटिंग करने के साथ आनंद उठा सकेंगे। माल में पहले से भीड़ को देखते हुए पार्किंग की व्यवस्था की गई है। -पुलकित गर्ग, उपाध्यक्ष, वीडीए।



शहर में जाम को देखते हुए रिंग रोड़ पर माल बनाने का निर्णय लिया गया है। कई ब्रांडेड कंपनियों थियेटर और दुकान के लिए संपर्क कर रहे हैं। ओपन स्पेस माल के बीचो-बीच एक फ्लोर पर चार एस्केलेटर और 10 लिफ्ट रहेगी। -संतोष राणा, मैनेजिंग डायरेक्टर, विन्सम डेवलपर प्राइवेट लिमिटेड।

